
02
जवाहर नगर कैंप के विभिन्न 12 दुकानदारों को मिला मालिकाना हक: दीपक मंगला

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04
मां के त्याग, निस्वार्थ प्रेम और समर्पण को करना चाहिए सलाम: लक्ष्मी


नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 14 मई 2023 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | विक्रमी संवत 2080, अमांत-बैशाख, कृष्ण पक्ष नवमी, मूल्य, 2.00 रुपए


# दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन




**बल्लभगढ़।** भौतिक विज्ञान विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के निर्देशन में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को महानिदेशक उच्च शिक्षा, हरियाणा द्वारा अनुमोदित किया जाता है। सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रूपेश कुमार की वार्ता से हुई है। उन्होंने भारत के सतत विकास के बारे में बताया। उन्होंने दैनिक जीवन के कई उदाहरण सामने रखे। इसी कड़ी में रविंदर जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, अग्रवाल कॉलेज ने जीवन के आध्यात्मिक मूल्य के बारे में बताया। समापन समारोह की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा व दीप प्रज्वलित कर की गई। सम्मेलन में प्राचार्य ने सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का मूल विषय समाज और सतत विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रक्षेपण में विज्ञान की भूमिका पर चर्चा करना था। डॉ एन एल सिंह ने अपने भाषण में दैनिक जीवन में परमाणु भौतिकी के व्यावहारिक महत्व और यह कैसे सतत विकास से संबंधित है, प्रस्तुत किया।